समाचार

कर जमा करने हेतु प्रत्येक शनिवार व रविवार को भी खुले रहेंगे जोन कार्यालय

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने जोन प्रभारियों को दिए निर्देश, साकेत भवन में भी खोला गया काउंटर, सप्ताह के सातों दिन जमा होंगे टैक्स)

कोरबा 09 मार्च 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने जोन प्रभारियों को आदेशित करते हुए कहा है कि निगम के विभिन्न करों को जमा कराने हेतु जनसुविधा के मद्देनजर माह मार्च 2022 के प्रत्येक शनिवार व रविवार को भी जोन कार्यालय खुला रखें तथा सप्ताह के सातों दिन कर राशि जमा कराएं। उन्होने निगम के मुख्य कार्यालय साकेत में भी इस हेतु पृथक से काउंटर खोलने तथा शनिवार, रविवार सहित सप्ताह के सातों दिवस करों की राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, दुकान किराया एवं अन्य करों के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होती है। निगम में राजस्व आय की वृद्धि हेतु इन करों को जमा कराने हेतु आमजनता की सुविधा को देखते हुए मार्च माह 2022 में सप्ताह के सातों दिन कर जमा करने के उद्देश्य से आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के जोन प्रभारियों, उप जोन प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अवकाश दिवस शनिवार व रविवार को भी जोन कार्यालय खुला रखें तथा सप्ताह के सातों दिवस करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने की सुविधा देना सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत भवन में भी एक अतिरिक्त काउंटर खोलने, शनिवार, रविवार को उक्त काउंटर खुला रखने तथा सप्ताह के सातों दिवस कर राशि जमा कराने के निर्देश निगम के संपदा अधिकारी को दिए हैं। संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि साकेत भवन स्थित राजस्व शाखा में अतिरिक्त काउंटर खोला गया है, उक्त काउंटर में निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड के करदाता शनिवार, रविवार सहित सप्ताह के सातों दिवस कर राशि जमा करा सकेंगे।